प्रदर्शन

### राष्ट्रपति के नाम सौंपा गया ज्ञापन

# जनहित के मुद्दों को लेकर कांग्रेस का विशाल धरना-प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**
**तामिया, 26 जून, केंद्र की मोदी सरकार एवं मध्यप्रदेश की मोहन यादव सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों, बढ़ती महंगाई, किसानों की समस्याओं, बेरोजगारी तथा क्षेत्रीय जनसमस्याओं के विरोध में आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तामिया एवं छिंदी के तत्वावधान में तामिया बस स्टैंड में विशाल धरना-प्रदर्शन एवं जनसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, मजदूर, युवा, छात्र, महिलाएं, आदिवासी समाज के प्रतिनिधि एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।**



सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों के कारण किसान खाद, बिजली, पानी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान हैं। लगातार बढ़ती महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है तथा बेरोजगारी और आर्थिक संकट से युवा वर्ग भी प्रभावित हो रहा है। धरना-प्रदर्शन के पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर महामहिम राष्ट्रपति महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में तामिया विकासखण्ड सहित देश एवं प्रदेश से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। ज्ञापन में तामिया क्षेत्र के राजस्व नक्शों की त्रुटियों के निराकरण, किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया एवं डीएपी खाद उपलब्ध कराने, खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाने, डीजल, पेट्रोल एवं रसोई गैस की बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण, बेलगाम महंगाई से राहत, मनरेगा को प्रभावी बनाने एवं लंबित भुगतानों का तत्काल भुगतान करने की मांग की गई। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं पर रोक लगाने, लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता बनाए रखने, श्रीराम मंदिर अयोध्या से जुड़े आरोपों की निष्पक्ष जांच कराने, तामिया क्षेत्र में बिजली व्यवस्था सुदृढ़ करने, नए सब-स्टेशन स्थापित करने, पेयजल संकट का स्थायी समाधान करने तथा जल जीवन मिशन में हुई कथित अनियमितताओं की जांच कराने की मांग भी रखी गई।

# कोयलांचल में अकीदत के साथ मनाया गया मोहर्रम पर्व, ताजिए और सवारियां निकलीं

**नवभारत न्यूज**
**परासिया, 26 जून, कोयलांचल क्षेत्र में मुस्लिम समाज ने मोहर्रम का पर्व पूरी अकीदत और श्रद्धा के साथ मनाया। मोहर्रम की 10वीं तारीख पर शुक्रवार को परासिया, चांदामेटा, बड़कुही, न्यूटन सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों इकलहरा, उमरेठ, रावनवाड़ा और शिवपुरी में ताजिए एवं सवारियां निकाली गईं।**



इस अवसर पर लोगों ने घरों और मस्जिदों में नमाज अदा कर दुआ-ए-आशूरा पढ़कर देश में अमन, शांति और खुशहाली की दुआ मांगी। इसके बाद विभिन्न स्थानों पर लंगर एवं शरबत का वितरण किया गया। ताजियों के जुलूस में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। लोगों ने ताजियों और सवारियों पर नारियल, सिरनी एवं अन्य सामग्री अकीदत के साथ पेश की। मुस्लिम समाज के साथ-साथ अन्य धर्मों के लोगों ने भी जुलूस और कर्बला में पहुंचकर अपनी श्रद्धा व्यक्त की, जिससे आपसी भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल देखने को मिली। परासिया क्षेत्र में न्यूटन तथा छिंदा स्थित पेंच नदी घाट पर कर्बला की विशेष व्यवस्था की गई थी। स्थानीय प्रशासन की निगरानी में ताजियों का विसर्जन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। न्यूटन के पेंच नदी घाट पर रोजेदारों के लिए इफ्तार की भी व्यवस्था की गई, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने रोजा इफ्तार किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी तथा सभी धर्मों के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# भाजपा की सरकार में अब पानी के लिए भी परेशान हुई जनता : कांग्रेस

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 26 जून, भाजपा की सरकार में अब जनता पानी के लिए भी त्राहि-त्राहि है। भरपूर और बढ़ा हुआ टैक्स वसूलने के बाद भी जनता को पीने का पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा। नागरिक बूंद-बूंद को तरस रहे और महापौर भाजपा में अपने अस्तित्व को स्थापित करने में जुटे हैं।**

कभी भोपाल तो कभी जंगल सफारी का आनंद लेने में मस्त है और जनता पानी के लिए त्रस्त है। हर दिन आधा शहर पेयजल आपूर्ति से अछूता रहता है। यहां किसी का ध्यान नहीं, क्योंकि जिम्मेदार मोदी-मोहन गाथा में व्यस्त है। उक्त उदगार नेता प्रतिपक्ष श्रीमती हंसा अम्बर दाढ़े ने पेयजल संकट पर व्यक्त किए। श्रीमती दाढ़े ने जारी बयान में आगे कहा कि कमलनाथ की सरकार में और नकुलनाथ के संसदीय कार्यकाल में माचागोरा जलाशय से शहर में पेयजल आपूर्ति परियोजना को जीवनरेखा बनाया। माननीय कमलनाथ जी एवं माननीय नकुलनाथ जी की दूरदृष्टिता ने यह भांपा लिया था कि आने वाले वर्षों में भी छिंदवाड़ा की जनता को पानी की कमी का सामना न करना पड़े। भाजपा की सरकार ने पेयजल संकट से निबटने के लिए कोई कारगार व स्थाई स्रोत का निर्माण नहीं किया आज भी जनता कमलनाथ के कार्यकाल में निर्मित जलाशय से प्राप्त होने वाले पानी पर निर्भर है।

# तुर्कीखापा में गहराया जल संकट, बूंद-बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण

### जलस्तर नीचे जाने से सूखे बोर-कुएं, निजी किसान से खरीदकर एक सप्ताह के अंतराल में बांटा जा रहा पानी

**नवभारत न्यूज**
**मोहखेड़, 26 जून, ग्राम पंचायत तुर्कीखापा इन दिनों गंभीर जल संकट से जूझ रही है। लगातार गिरते जलस्तर ने गांव की पेयजल व्यवस्था को पूरी तरह चरमरा दिया है। स्थिति यह है कि पंचायत के अधिकांश बोरवेल और कुएं सूख चुके हैं, जिससे ग्रामीणों के सामने पीने के पानी का संकट गहरा गया है।**



ग्रामीणों के अनुसार गांव में जल संकट इतना बढ़ चुका है कि अब पंचायत को दूसरी पंचायत गोरखपुर निवासी किसान संजू देशमुख से पानी खरीदकर गांव में सप्लाई करनी पड़ रही है। लेकिन यह व्यवस्था भी पर्याप्त साबित नहीं हो रही, क्योंकि ग्रामीणों को केवल एक सप्ताह के अंतराल में पानी मिल पा रहा है। ऐसे में लोगों को अपनी जरूरतों के लिए पानी बचाकर उपयोग करना पड़ रहा है।गांव की महिलाएं और बच्चे पानी के लिए सबसे ज्यादा परेशान हैं। कई बार उन्हें दूर-दराज के इलाकों से पानी भरकर लाना पड़ता है। गर्मी और उमस के इस दौर में पानी की कमी ने ग्रामीण जीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है।

### जल संकट ने बढ़ाई रोजमर्रा की मुश्किलें

पानी की कमी के चलते गांव में न केवल पीने के पानी की समस्या खड़ी हो गई है, बल्कि घरेलू कामकाज भी प्रभावित हो रहे हैं। कपड़े धोना, नहाना, बर्तन साफ करना और पशुओं को पानी पिलाना भी चुनौती बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी की हर बूंद अब कीमती हो गई है।कई परिवारों ने अपने निजी साधनों से पानी का इंतजाम करना शुरू कर दिया है, लेकिन गरीब और मजदूर वर्ग के लिए यह संभव नहीं है। ऐसे में पंचायत पर निर्भरता बढ़ गई है।

### मवेशियों के लिए भी गहराया संकट

गांव में पानी की कमी का असर पशुपालन पर भी साफ दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों के मवेशियों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा, जिससे उनकी हालत बिगड़ रही है। किसान बताते हैं कि यदि जल्द पानी की व्यवस्था नहीं हुई तो पशुधन पर भी बड़ा खतरा मंडरा सकता है।

**ग्रामीणों में बढ़ रहा आक्रोश, प्रशासन से लगाई गुहार :** गांववासियों ने जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि गांव 13 जून को पीएचई विभाग द्वारा नए बोरवेल खोदा गया.जिसमें भरपूर पानी है किंतु मोटरपंप और पाइपलाइन अब तक नही डाली गयी. जल संकट से निपटने के लिए तत्काल स्थायी योजना बनाई जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो आने वाले दिनों में हालात और भी गंभीर हो सकते हैं।

# प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल हुए सांसद, आज पूर्णाहुति के साथ होगा भंडारे का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 26 जून, सुंदर देवरे नगर छिंदवाड़ा में शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का तीन दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर छिंदवाड़ा जिले के लाडले और संवेदनशील सांसद बंटी विवेक साहू ने वहां पहुंचकर पूजन अर्चन की, इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण के साथ मात्रशक्ति भी उपस्थित थी।**

उल्लेखनीय है कि वार्ड नंबर 40 सुंदर देवरे नगर में स्थित श्री सिद्धेश्वर मारुति महाकाल मंदिर में जन कल्याण समिति द्वारा 25 जून से 27 जून तक त्रिदिवसीय श्री शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। पार्षद नगर निगम सभापति चंद्रभान देवरे ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा एवं पूर्णाहुति के साथ भंडारे का आयोजन 27 जून दिन शनिवार को शाम 5 बजे से किया जाएगा। इस अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने पहुंचकर सांसद निधि द्वारा तीन लाख रुपए की प्रोफाइल शीट लगाने की घोषणा की। इस अवसर पर वार्ड के वरिष्ठ बालाजी देवरे एवं समिति द्वारा सांसद बंटी विवेक साहू को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मिलिंद नवघरे, शरद बेन्डे ,श्री डेहरिया सहित समिति के अध्यक्ष एवं वार्ड नंबर 41 के पार्षद नगर निगम सभापति चंद्रभान देवरे उपस्थित थे।

# सेफ क्लिक अभियान के तहत साइबर ठगी से बचाव की दी जानकारी

**नवभारत न्यूज**
**अमरवाड़ा, 26 जून, द्रोणाचार्य एकेडमी एवं नगर रक्षा समिति के तत्वाधान में साइबर अपराधों एवं ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव के उद्देश्य से सेफ क्लिक साइबर जागरूकता अभियान के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।**




सर्वप्रथम द्रोणाचार्य एकेडमी के संचालक अभय चौरसिया एवं शिक्षिका कु. डॉली चौरसिया द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत तिलकवंदन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीओपी) श्रीमती कल्याणी वरकड़े ने विद्यार्थियों से वन तो कन्वर्सेशन कर के उनके कैरियर संबंधी मेंटरशिप प्रदान की गई एवं उनसे नगर एवं अनुविभाग की सुरक्षा संबंधी समस्यों एवं उनके सुझावों को सुना एवं कार्यक्रम के उद्देश्य को पूर्ण करते हुए विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी एवं साइबर फ्रॉड से बचने के लिये मजबूत पासवर्ड रखने (अक्षर, अंक और विशेष चिन्ह का मिश्रण), सभी महत्वपूर्ण खातों पर 2-FactorAuthentication (2FA) चालू रखें।मोबाइल और कंप्यूटर को नियमित रूप से अपडेट करें। केवल आधिकारिक ऐप स्टोर से ही ऐप डाउनलोड करें।

बैंकिंग या UPI लेन-देन से पहले प्राप्तकर्ता की जानकारी जांच लें।संदिग्ध लिंक, QR कोड या अज्ञात अटैचमेंट खोलने से पहले सत्यापित करें। महत्वपूर्ण डेटा का बैकअप रखें। Google Play Protect जैसी सुरक्षा सुविधाएँ चालू रखें। सोशल मीडिया पर गोपनीय जानकारी साझा करने से बचें।

# संजय डेहरिया बने मेहरा डेहरिया समाज के प्रदेश प्रवक्ता, समाज ने जताई खुशी

**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 26 जून, मेहरा डेहरिया समाज समिती भोपाल से संयोजक ब्रजेश वट, प्रदेश अध्यक्ष जागेश्वर सुरजे, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शोभा विसन्द्रे, अतिरिक्त प्रदेश अध्यक्ष सुनीता बम्हनीय की अनुशंसा से जुन्नारदेव के समर्पित और कर्मठ समाजसेवी संजय डेहरिया को मध्यप्रदेश मेहरा डेहरिया समाज द्वारा प्रदेश प्रवक्ता के गरिमामय पद पर नियुक्त किया गया है।** उनकी इस नियुक्ति से जुन्नारदेव सहित पूरे प्रदेश भर के सामाजिक बंधुओं में हर्ष का माहौल है। संजय डेहरिया लंबे समय से समाज की सेवा में अग्रणी रहे हैं। वे इससे पूर्व जिला समिति में दो बार जिला उपाध्यक्ष के महत्वपूर्ण पद का दायित्व बखूबी निभा चुके हैं। अपनी कार्यशैली, स्पष्टवादिता और संगठन को मजबूती प्रदान करने की क्षमता के चलते समाज के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें प्रदेश स्तर पर यह नई जिम्मेदारी सौंपी है। उनकी नियुक्ति पर समाज के प्रबुद्ध जनों ने कहा कि संजय डेहरिया का जमीनी जुड़ाव और उनकी ओजस्वी वाणी समाज के विचारों को प्रदेश स्तर पर प्रभावी ढंग से रखने में सहायक सिद्ध होगी।



# यस फाउंडेशन के प्रतिनिधि ने किया परियोजना क्षेत्र का भ्रमण

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 26 जून, यस फाउंडेशन के प्रतिनिधि श्रीकांत ने 16 से 19 जून तक चार दिवसीय भ्रमण के दौरान छिंदवाड़ा जिले में संचालित समेकित ग्रामीण आजीविका परियोजना एवं सहयोगी संस्थाओं की गतिविधियों का अवलोकन किया। भ्रमण का समन्वयन एन. एम. सद्गुरु वाटर एंड डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा किया गया।**



भ्रमण के प्रथम दिवस पर जिला स्तर पर यस फाउंडेशन एवं परियोजना सहयोगी संस्थाओं के साथ परिचयात्मक एवं समन्वय बैठक आयोजित की गई। द्वितीय दिवस पर श्रीकांत ने परियोजना क्षेत्र के चार गांवों का दौरा कर किसानों एवं लाभार्थियों से संवाद किया तथा आधारभूत सर्वेक्षण (बेसलाइन) प्रपत्रों की समीक्षा की। ग्रामीणों से चर्चा के दौरान क्षेत्र में गरीबी, सीमित सिंचाई सुविधाएं, फसल विविधीकरण की चुनौतियां, जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव तथा मृदा स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। श्री श्रीकांत ने इन चुनौतियों के समाधान हेतु सामुदायिक भागीदारी एवं टिकाऊ आजीविका मॉडल विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। भ्रमण के तीसरे दिवस सायंकाल जिला कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायण से मुलाकात की गई। बैठक में ग्रामीण विकास, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, कृषि एवं आजीविका संवर्धन से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। इस बैठक का समन्वयन एन. एम. सद्गुरु वाटर एंड डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा किया गया। भ्रमण के अंतिम दिवस पर सहयोगी संस्था संकल्पतरु द्वारा वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियों तथा स्कोर लाइवलीहुड द्वारा वित्तीय साक्षरता, वित्तीय समावेशन एवं शासकीय योजनाओं के अभिसरण संबंधी कार्यों का प्रस्तुतीकरण किया गया।

# ऋषि सोनी बने प्रदेश सह संयोजक एवं सह मीडिया प्रभारी

**नवभारत न्यूज**
**मोहखेड़, 26 जून, भारतीय जनता युवा मोर्चा मध्यप्रदेश द्वारा संगठनात्मक विस्तार के तहत प्रदेश स्तरीय टीम में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।**



प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार सावरीबाजार निवासी ऋषि सोनी को प्रदेश सह संयोजक एवं सह मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति आदेश क्रमांक BJYM/AP/002 के तहत दिनांक 26 जून 2026 से प्रभावशील होगी।इस नियुक्ति को संगठन की डिजिटल गतिविधियों एवं मीडिया प्रबंधन को नई दिशा और गति प्रदान करने वाला कदम माना जा रहा है। इससे डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म अभियान के प्रभावी संचालन में और अधिक मजबूती आने की उम्मीद है।प्रदेश संगठन का मानना है कि यह नियुक्ति युवा कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करेगी तथा संगठन की डिजिटल उपस्थिति को जमीनी स्तर तक और अधिक सशक्त बनाएगी।

# आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाया मोहर्रम पर्व

**नवभारत न्यूज**
**धनोरा (जागीर), 26 जून, क्षेत्र में मुहर्रम का पर्व मुस्लिम समुदाय और ताजियादारों द्वारा पूरी अकीदत और शानो-शौकत के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पारंपरिक तरीके से ताजियों का जुलूस निकाला गया, जो मुख्य मार्गों से होता हुआ मुख्य बाजार चौक पहुंचा।**



धनोरा में आयोजित इस मोहर्रम त्यौहार के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द और आपसी भाईचारे का एक बेहद खूबसूरत नजारा देखने को मिला। ताजिये के बाजार चौक पहुंचने पर केवल मुस्लिम समुदाय ही नहीं, बल्कि धनोरा के सभी समाज और वर्ग के लोग आगे आकर सम्मलित रहे हिंदू-मुस्लिम सहित सभी धर्मो के लोगों ने ताजिये की जियारत व पूजा-अर्चना की और क्षेत्र में सुख, शांति तथा समृद्धता की मन्नतें मांगीं। धनोरा जागीर में जुमे (शुक्रवार) को साप्ताहिक जन बाजार होने पर ताजिये को देखने व जियारत व पूजा अर्चना करने धनोरा सहित क्षेत्रीय जन उपस्थित रहे यह मुहर्रम पर्व क्षेत्र में शांति, अमन और कौमी एकता का संदेश देते हुए पूरी तरह शांतिपूर्ण और गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। उक्त त्यौहार में शांति पूर्ण व्यवस्था बनाने में बटकाखापा नायब तहसीलदार पुष्पेन्द्र पाण्डेय,थाना प्रभारी अनिल सिंह राठौल, धनोरा चौकी प्रभारी दुर्गेश तिवारी की उपस्थिति प्रधान आरक्षक हितेश शर्मा, आरक्षक सच्चीदानंद बघेल पुलिस स्टाप व राजस्व विभाग की सक्रीय भूमिका रही।

# पर्यावरण प्रेमियों ने लगाया एक पेड़ मां के नाम

**छिंदवाड़ा।** नगर पालिका निगम महापौर विक्रम अहाके एवं आयुक्त सी. पी. राय के कुशल निर्देशन में एक पेड़ माँ के नाम अभियान अनवरत रूप से जारी है, जिसके अंतर्गत मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड क्षेत्रीय कार्यालय परिसर धरम टेकड़ी में विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय अधिकारी एम. पी. तिवारी को पौधा भेंटकर किया गया पश्चात स्वाभिमान जनकल्याण समिति के साथ नगर पालिका निगम छिंदवाड़ा स्वच्छ भारत मिशन टीम द्वारा पौधारोपण किया गया।

# जनपद पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने ग्राम पंचायतों को दी विकास कार्यों की सौगात

### पंचायतों में होंगे 1 करोड़ 15 लाख रुपये के विकास कार्य

**नवभारत न्यूज**
**चौरई, 26 जून, सांसद विवेक बंटी साहू एवं भाजपा पूर्व विधायक पं रमेश दुबे की अनुशंसा पर जनपद पंचायत चौरई की अध्यक्ष श्रीमती सरोज राधेश्याम रघुवंशी तथा उपाध्यक्ष श्रीमती शैलकुमारी कमलेश वर्मा ने जनपद पंचायत अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में लगभग 1 करोड़ 15 लाख रुपये की लागत से विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की है।**

स्वीकृत कार्यों में ग्राम पंचायत बारह बरियारी में शौचालय निर्माण (5 लाख रुपये) एवं नाली निर्माण (5 लाख रुपये), लौहारा में भुजलिया घाट निर्माण (2 लाख रुपये), कलकोटी में कला मंच मंदिर के पास पेवर ब्लॉक निर्माण (1 लाख रुपये), रामगढ़ में नाली निर्माण (4 लाख रुपये), थांवरी में तार फेंसिंग एवं पेवर ब्लॉक कार्य (4 लाख रुपये), लिखड़ी में नाली निर्माण (4 लाख रुपये), सिहोरा में नाली निर्माण (4 लाख रुपये), पाल्हरी में बाउंड्री वॉल (4 लाख रुपये), झिलमिली में टीन शेड निर्माण (2 लाख रुपये), खूटपिपरिया में बाउंड्री वॉल (4 लाख रुपये), राजलवाड़ी अंतर्गत खुटिया में नाली निर्माण (4 लाख रुपये), लोनीकलां में बाउंड्री वॉल (2 लाख रुपये) एवं टीन शेड निर्माण (5 लाख रुपये), पांजरा में रिटेनिंग वॉल निर्माण (3 लाख रुपये), खैरीरानी में नाली निर्माण (4 लाख रुपये) सहित अन्य गावों के लिए सौगात दी है।

पर्व

### सैकड़ों लोगो ने विभिन्न धार्मिक आयोजन किए

# सिंगोड़ी में सौहार्द और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया मोहर्रम का त्यौहार

**नवभारत न्यूज**
**सिंगोड़ी, 26 जून, यादें हुसैन में शुक्रवार को मोहर्रम पर्व की दस तारीख को विभिन्य कार्यक्रम मुस्लिम समाज ने आयोजित किए इस दौरान मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में सैकड़ों लोगो ने विभिन्न धार्मिक आयोजन किए। गौरतलब है कि इस्लाम धर्म में ऐतिहासिक कुर्बानी इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम ने अपने 72 परिजनों के साथ इस्लामिक उसूलों के खातिर दी थी।**



तब से अब तक मुस्लिम समुदाय इनकी कुर्बानी को यादें हुसैन के नाम से मनाते है जिसमे विषेस रोजे नमाज का बहुत महत्व है। इसी के साथ ताजियों का जुलूस जिसमें दोपहर को बाबाओ की सवारी निकली गई जिसमे दर्जनों सावरिया सामिल थी। नगर का गश्त करते हुए कर्बला चौक पहुंचा जहां पर विषेस दुआ फातिहा सलातो सलाम पढ़ा गया तथा देर रात्रि पर्व का समापन हुआ। इसके पूर्व गुरुवार को बाबाओं की सबारियों निकली गई थीं। इस दौरान मुस्लिम समाज के अनुयायियों के आलावा अन्य समाज के सैकड़ों लोग श्रद्धा के साथ सामिल हुए। वही परम्परा अनुसार मोहर्रम पर्व के दस दिनों तक नगर की अलग अलग कमेटियों के द्वारा रोज आम लंगर शरबत वितरित किया गया और कर्बला के शहीदों के द्वारा क्यों शहादत दी गई अच्छाई और बुराई को केसे समझे इसको लेकर कार्यक्रम आयोजित होते रहे।

### मुस्लिम समाज ने सिंगोड़ी के सामाजिक बंधुओं का किया सम्मान

परंपरा अनुसार सिंगोड़ी अंजुमन कमेटी के द्वारा मोहर्रम पर्व के मुख्य कार्यक्रम के दिन गणमान्य नागरिकों जनप्रनिधियो सामाजिक बंधुओ का सम्मान किया गया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच कपिल ठाकुर जनपत सदस्य योगेश यादव समाजसेवी पवन सोनी कैलाश साहू पुष्पकुमार जैन सहित सैकड़ो अतिथि सामिल थे। उपस्थित अथितियों ने अपने अपने वक्तव्य में इस पर्व के मनाएं जाने का उद्देश बिस्तर पूर्वक मौजूद जन समूह को बताया।

# चौरासी में गायत्री परिवार की आत्मीयता विस्तार संगोष्ठी संपन्न

### जुलाई में रोपे जाएंगे 501 पौधे

**नवभारत न्यूज**
**धनोरा( जागीर), 26 जून, अखिल विश्व गायत्री परिवार के जिला युवा प्रकोष्ठ द्वारा ग्राम चौरासी बटकाखापा में आत्मीयता विस्तार संगोष्ठी का गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा मां गायत्री, युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन और पूजा-अर्चना के साथ की गई।**



वृक्षगंगा प्रभारी मोहन डेहरिया ने बताया कि इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य समाज में आत्मीयता का विस्तार करना, युवाओं को रचनात्मक कार्यों से जोड़ना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर गायत्री परिवार के वरिष्ठ व मार्गदर्शक कार्यकर्ताओं का अग्रज सम्मान भी किया गया। संगोष्ठी में पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए निर्णय लिया गया कि आगामी जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में ग्राम छुआ में 501 तरुवृक्षों (पौधों) का रोपण किया जाएगा। इसके साथ ही क्षेत्र को व्यसन मुक्त बनाने के लिए व्यापक स्तर पर नशामुक्ति अभियान चलाने की रूपरेखा भी तैयार की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला संयोजक अटल खुर्वे, जिला पंचायत सदस्य महेश इनवाती, घनश्याम डेहरिया, अयोध्या डेहरिया, वृक्ष गंगा प्रभारी मोहन डेहरिया, बलराम सिगोतिया जी, हर्रई ब्लॉक संयोजक सुभाष डेहरिया, भूवनलाल धुर्वे अमरवाड़ा ब्लॉक संयोजक, संदेश डेहरिया, पूनम डेहरिया, राजभान इनवाती और भारत काकोडिया उपस्थित रहे।